卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 83 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦29 दिसम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ

## सीएम धामी और खेल मंत्री रेखा आर्य ने किया शूटिंग रेंज का लोकार्पण,13 जनपदों की टीमें कर रही प्रतिभाग

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में आज राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का आगाज हो गया है। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में सीएम पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्या ने महाकुंभ का शुभारंभ किया। इसके बाद खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट किया। खेल मंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ का उद्देश्य 38 वें राष्ट्रीय खेलो के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए प्रदेश के खिलाड़ियों को तैयार करना है। इस दौरान खेल विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता एवं प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। महाकुंभ में 13 जनपदों की 13 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।इस दौरान सीएम धामी ने न्याय पंचायत के खिलाड़ियों को भी नकद इनाम देने की घोषणा की। अभीतक इन खिलाड़ियों को सिर्फ प्रशस्ती पत्र मिलता था। सीएम ने कहा कि न्याय पंचायत स्तर के प्रथम विजेता को 300 दूसरे स्थान को 200 व तीसरे स्थान पर आने वाले खिलाड़ी को 150 रुपये मिलेगा। इसके अलावा विकासखंड के विजेता को 500, जनपद स्तर के विजेता को 800 और राज्य स्तरीय विजेता को 1500 रुपये मिलेंगे। न्याय पंचायत स्तर के अलावा अन्य केटेगरी के खिलाड़ियों को धनराशि पहले भी मिलती थी। इसकी धनराशि मे बढ़ोतरी की गई है। खेल महाकुंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ( शेष पेज सात पर )





# सोशल मीडिया पर पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध डाली गलत पोस्ट, रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। न्यायालय में विचाराधीन मामले के एक अभियुक्त द्वारा निरंतर पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर उच्च न्यायालय के निर्देश पर उसके खिलाफ रपट दर्ज कराई गई है। दर्ज रपट में राजीव ठाकुर फौजदारी लिपिक न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट/प्रथम अपर सिविल जज रूद्रपुर ने कहा है कि न्यायालय में श्रीमती पल्लवी गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट/प्रथम अपर सिविल जज, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। न्यायालय में हरजीत अनेजा पुत्र इन्द्रजीत सिंह निवासी बत्रा कालोनी, भरतपुर कौशलगंज, रामपुर अन्य पता श्याम टॉकीज रोड, कल्याणी व्यू रूद्रपुर के विरूट फौजदारी वाद लंबित थीं। वर्तमान में उक्त दोनों पत्रावलियां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 7 सितम्बर 2022 को न्यायालय चतुर्थ अपर सीनियर सिविल जज में स्थानांतरित कर दी गई हैं। अभियुक्त हरजीत अनेजा द्वारा वाद में स्वयं पैरवी की जाती थी। उसके द्वारा इस न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के संबन्ध में आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए सोशल मीडिया फेसबुक पर अपने एकाउंट से पोस्ट डाली जा रही है। 30 मार्च 2022 से पीठासीन अधिकारी के संबन्ध में फेसबुक पर लगातार टिप्पणी की जा रही है। 26 अगस्त 2022 को अभियुक्त द्वारा ( शेष पेज सात पर )

# अवैध असलहों के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां उन्हें जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी जी के निर्देशन पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पुलिस टीम के साथ रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इधर पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक अवैध तमंचा एक बंदूक के साथ घूम रहे हैं। और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पुलिस टीम के साथ कांबिंग ऑपरेशन




चलाया। पुलिस को दो युवक नानक सागर बैराज से आते दिखाई दिए। और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगें। पुलिस ने घेराबंदी कर बाऊली साहिब कटी पुलिया से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ( शेष पेज सात पर )

# स्कूल में छात्र और छात्राएं सामूहिक रूप से हो रहे बेहोश

## दो दिनों में अलग-अलग कक्षाओं की 26 छात्राएं और तीन छात्र अचेत हुए, स्वास्थ्य विभाग की टीम को भेजा

चम्पावत(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के चम्पावत जिले के दूरस्थ रीठासाहिब जीआईसी में दो दिनों से छात्र व छात्राएं सामूहिक रूप से बेहोश हो रहीं हैं स्कूल में जिससे हड़कंप मचा हुआ है। शिक्षा विभाग का कहना है कि मास हिस्टीरिया से बच्चों मेंइस प्रकार की प्रवृत्ति आ रही है। हालांकि शिक्षा विभाग ने स्वास्थ्य विभाग से स्कूल में जाकर छात्रों की कार्उसिलिंग की मांग की है। मंगलवार से स्कूल में तीन छात्रों समेत 24 छात्राओं के बेहोश होने का मामला प्रकाश में आया। इसके बाद बुधवार को भी पांच छात्राएं चीखने- चिल्लाने के बाद अजीब सा बर्ताव करने लगीं। इन दो दिनों में स्कूल में



अलग-अलग कक्षाओं की 26 छात्राएं और तीन छात्र अचेत हुए हैं। पूर्व बीडीसी सदस्य कुंदन सिंह बोहरा ने बताया कि मंगलवार को इंटरवल के बाद नौंवी से इंटर तक की 24 छात्राएं चिल्लाने और रोने लगीं। स्कूल के स्टाफ ने अचेत हुई छात्राओं को जब पानी पिलाया। तब जाकर वे होश में आईं। बुधवार को पांच छात्राएं फिर बेहाशी की हालत में चली गई। इससे स्कूल का स्टॉफ भी घबरा गया। इससे पूर्व जीआईसी रमक और पाटी के स्कूल में ऐसे ही मामले सामने आ चुके हैं। शिक्षा विभाग के मुताबिक मास हिस्टीरिया के लक्षणों से इस प्रकार की बेहोशी आ जाती है। उन्होंने स्वास्थ्य( शेष पेज सात पर )

# केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट करेंगे बाईपास का लोकार्पण

## काफी लम्बे समय से था बाईपास खुलने का इंतजार, श्रेय लेने को हो रही थी राजनीति

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्रवासियों को जिसका इंतजार था यह इंतजार की घड़ी शीघ्र ही समाप्त होने जा रही है। श्रेय लेने के लिए काफी राजनीति भी चल रही थी। गदरपुर बाईपास को नये वर्ष में तौहफे के रुप में सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा 30 दिसम्बर को सायं करीब तीन बजे लोकापर्ण करेंगे। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने दी है। यहां बता दें कि गदरपुर बाईपास न खुलने के कारण लोगों को नगर में जाम के चलते लोगों काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाईपास खुलवाने को लेकर कई बाद भाजपा विधायक अरविन्द पांडेय द्वारा प्रयास भी किया गया। लेकिन कार्यपूर्ण न होने के कारण नही खुल पाया। यहां तक कि कुछ दिन पूर्व भाजपा विधायक एवं समर्थकों ने ( शेष पेज सात पर )



# आठ दिन से लापता महिला को बरामद करने की मांग

## ग्रामीणों ने पुलिस चौकी पहुंचकर किया जोरदार प्रदर्शन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। आठ दिन से लापता क्षेत्र की एक महिला का सुराग नहीं लगने पर ग्रामीणों ने पुलिस चौकी पहुंचकर महिला की बरामदगी की मांग की। आठ दिन पूर्व महिला मजदूरी करने सितारगंज गई थी। चौकी पुलिस द्वारा ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि चौकी प्रभारी मामले में दबिश देने गये है। जिसके बाद ग्रामीण वापस लौट गये। शक्ति फार्म क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के पति ने पुलिस चौकी शक्ति फार्म में तहरीर देकर बताया की उसकी पत्नी प्रतिदिन सितारगंज राजकीय इंटर कॉलेज के पीछे काम पर जाती थी। 21 दिसंबर को सुबह काम पर गई थी लेकिन शाम तक वापस नहीं आई। काफी तलाश



के बाद भी कोई पता नही चला। तहरीर में बताया उसकी पत्नी की जान माल का खतरा बना हुआ है। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी महिला का सुराग नहीं लगने पर बुधवार को गांव की दर्जनों महिला व पुरुष महिला की बरामदगी की मांग को लेकर पुलिस चौकी पहुंचे। चौकी पुलिस द्वारा ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि चौकी प्रभारी इस मामले में दविश देने गए है। जिसके बाद ग्रामीण वापस लौट गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि शीघ्र ( शेष पेज सात पर )

# पड़ोस में पढ़ाई के लिए निकली किशोरी गायब

काशीपुर(उद संवाददाता)। घर से पड़ोस में पढ़ाई करने के लिए निकली एक किशोरी बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर वार्ड नंबर 12 ढेला बस्ती लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 27 दिसंबर को उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर से पड़ोस में पढ़ाई करने के लिए निकली लेकिन वापस घर नहीं लौटी। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब किशोरी घर नहीं आई तो परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर गायब किशोरी की तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 365 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया है।

# गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के प्रकाश पर्व पर विशाल नगर कीर्तन आयोजित



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सिक्खों के दशमे पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर रखे अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। हजारों श्रद्धालुओं ने दरबार साहिब में शीश नवाकर कर प्रसाद ग्रहण किया।





गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में नगर में पंज प्यारों की अगुवाई पर विशाल नगर कीर्तन आयोजित किया गया। महाराज जी की पालकी को फूलों से सजाया गया। गुरु ग्रंथ साहिब महाराज जी को फूलों सजी पालकी में विराजमान किया गया। पंज प्यारों के आगे श्रद्धालु फूलो की वर्षा करते हुए चल रहे थे। बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष आगे सड़क पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई करते हुए चल रहे थे। महाराज जी की पालकी के पीछे स्त्री सत्संग की महिलाएं शब्द कीर्तन करते हुए चल रही थी। इस दौरान नगर के व्यापारियों ने नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और स्टाल लगाकर चने,चाय फल का प्रसाद वितरित किया गया। नगर कीर्तन के दौरान गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब दिखाए लोगों को दांतों तले अंगुली दबाने में मजबूर कर दिया। बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से गूंजायमान रहा नानकमत्ता साहिब। श्री गुरु नानक अकैडमी, श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज, श्री गुरु नानक बालिका कॉलेज, श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज, न्यू लाइट स्कूल, के बच्चों ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आधारित झांकियां प्रस्तुत की गई। नगर के मुख्य चौराहे पर रागी, ढाढी,कविसरी जत्थों ने शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल किया और श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के इतिहास और श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के पुत्रों चार साहबजादों शहादत की विस्तार पूर्वक जानकारी दी और गुरु गोविंद सिंह जी के बताए मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब को इलै लड़ियों फूलों से सजाया गया। नगर के व्यापारियों ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया। नगर कीर्तन का धार्मिक डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। ढोल नगाड़े एवं बैंड बाजों के साथ नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब से होते हुए धार्मिक डेरा कार सेवा, सितारगंज मार्ग खटीमा मार्ग, गुरुद्वारा मार्ग होते वापिस नानकमत्ता साहिब पहुंची। नगर कीर्तन में सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव पुलिस टीम के साथ चल रहे थे। नगर कीर्तन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पुण्य लाभ कमाया। इस मौके पर महासचिव अमरजीत सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक रणजीत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, सिंह सभा के प्रधान हरजीत सिंह, स्त्री सत्संग प्रधान अमरजीत कौर, हरभजन सिंह, देवेंद्र सिंह गुरवंत सिंह सोनी, गुरदयाल सिंह, हर भाग सिंह, जसवंत सिंह, सुखवंत सिंह भुल्लर, रणजीत सिंह गिल, रिषपाल सिंह, गुरजीत सिंह, हरदेव सिंह निर्मल सिंह पवन राणा, दिलबाग सिंह, दारा सिंह, नरवैल सिंह संधू, आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

## आसरा ट्रस्ट द्वारा छात्राओं को स्कूली बैग एवं शिक्षण सामग्री का वितरण

गदरपुर/दिनेशपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दिनेशपुर में चलाए जा रहे बालिका शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से ,आसरा ट्रस्ट श्एवं श्द हंस फाउंडेशन,टाइटन कन्या प्लसश के माध्यम से स्कूल की सभी बालिकाओं को स्कूल बैग के साथ शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया जिसमें स्नेहा,प्रेरणा,संजना, कशिश,नेहा,शिवानी,सुरभि आदि बालिकाएं शामिल रही



स जिला उधम सिंह नगर परिषद के आसरा ट्रस्ट के प्रोग्राम मैनेजर पृथ्वी सिंह एवं आसरा ट्रस्ट के लाइफ स्किल मेंटर अलका सैनी, विनीता और ट्विटर मिस शिखा सहित स्कूल की सभी शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया स इस दौरान प्रधानाचार्य सुनीता कश्यप, डॉ.रीता शुक्ला,डॉ.कमल उप्रेती, डॉ.पूनम कश्यप,सीमा बोरा,हंसी जोशी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## रोटरी क्लब ने नववर्ष उत्सव मनाया

काशीपुर(उद संवाददाता)। रोटरी क्लब ऑफ काशीपुर कॉर्बेट ने 2023 के स्वागत में बाजपुर रोड स्थित एक होटल में नववर्ष का उत्सव मनाया। समारोह का आरम्भ रोटरी संस्थापक जॉन पॉल हैरिस की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। क्लब अध्यक्ष डॉ0 दीपिका गुड़िया आत्रेय ने सभी का स्वागत करते हुए आगामी योजनाओं के विषय में बताया। ख्वाहिश फाउन्डेशन के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए, उपाध्यक्ष डॉ0 तनु सिंह एवं कोषाध्यक्ष डॉ0 सोनल मेहरोघ्त्रा द्वारा विभिन्न प्रकार



के मनोरंजक गेम्स कराए गए। श्रीमती आभा चन्द्रा एवं आयुषी नागर के मधुर गीतों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर श्री राम इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ0 योगराज सिंह को क्लब की सदस्यता ग्रहण करायी गई। वरिष्ठ सदस्य डॉ0 दीप मेहरोत्रा द्वारा ख्वाहिश फाउन्डेशन के बच्चों को आर्शीवाद स्वरुप 5000 की राशि प्रदान की गयी। समारोह का संचालन डॉ0 सोनल मेहरोत्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर बी0एस0 सेठी, टी0एस0 सोढ़ी, विनीत रावल, सुभाष शर्मा, राजीव रस्तौगी, सुरेन्द्र पाल, दीप मेहरोत्रा, डॉ0 देवेन्द्र चन्द्रा, डॉ0 अमरजीत साहनी,, डॉ0 योगराज सिंह, रचना विश्नोई, डॉ0 असीम मेहरोत्रा, डॉ0 हरजीत सिंह, नीलम, गिन्नी सोढ़ी, सुधा शर्मा, पूनम जोशी, चरनप्रीत कौर, रेनू रावल, दीपाली मेहरोत्रा, रुचि रस्तौगी, महेन्द्र कौर सेठी, रेखा सिंह, सीमा मित्तल, नौनिद सिंह, सन्त सक्सेना, विभा सक्सेना, आदि सदस्य व उनके परिजन उपस्थित रहे।

## शहीदी दिवस पर कीर्तन दरबार का आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। इंदिरा कालोनी गुरूद्वारा माता गुर्जर कौर में दशमपिता गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों और माता गुजरी के शहीदी दिवस पर कीर्तन दरबार का आयोजन कर उनके बलिदान को याद किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंचकर गुरूद्वारा साहिब में शीश नवाया इस दौरान प्रबंधक कमेटी ने पूर्व विधायक ठुकराल एवं रामलीला कमेटी के महासचिव राजकुमार भूसरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि शहीदी और कुर्बानी की ऐसी मिसाल इतिहास में कोई दूसरी नहीं है। मानवता और धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह ने कई युद्ध लड़े जिसमें चमकौर के युद्ध मे दो साहिबजादे मात्र 17 वर्ष और 14 वर्ष की आयु में शहीद हुए। इस दौरान धार्मिक दीवान सजाए गए और रागी जत्थों ने शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम के दौरान गुरु का लंगर अटूट चलता रहा जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर छका। इस दौरान स० दीदार सिंह, पूर्व प्रधान बलवीर सिहं ,प्रीतम सिंह चावला, राजेन्द्र सिंह नत्था सिह, गुरजीत सिंह सहित संगत उपस्थित रही।

## सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने तथा स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने की मांग

उधम सिंह नगर। काशीपुर समेत आसपास के इलाकों में पिछले सप्ताह भर के करीब से क्षेत्र में शीतलहर के बीच पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है तो वहीं दूसरी ओर घने कोहरे



के कारण दुर्घटनाओं में इजाफा होने के साथ ही अपराधिक वारदातें भी लगातार बढ़ रही हैं। इसी को लेकर जमीयत उलामा के जनरल सेक्रेटरी युवा अधिवक्ता समाजसेवी अली अनवर ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर तत्काल जनहित के कार्य दुरुस्त कराए जाने की अपील की है। ज्ञातव्य है कि खराब मौसम के कारण जिले में येलो अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में यदि दो दिनों के भीतर निगम प्रशासन ने जनहित के कार्य सुनिश्चित नहीं कराए तो जमीयत उलामा के सदस्य आंदोलन को बाध्य होंगे। शहर काशीपुर में घना कोहरा होने के कारण गलियों में अंधेरा हो जा रहा है जिससे क्षेत्र में महिलाओं से चेन स्नेचिंग और छीना झपटी जेसी घटनाओं को असमाजिक तत्व अंजाम देकर आसानी से निकल जाते हैं। ऐसे ही अलाव की व्यवस्था न होने के कारण भी रहगीरों मरीजों आदि के कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों अस्पताल रोडवेज बस स्टैंड रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर तत्काल निगम प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था कराए जाने की जरूरत है ताकि कड़ाके की ठंड में जनजीवन प्रभावित ना हो सके अथवा कोई अनहोनी ना घटित हो सके।जनहित जमियत उलामा उधमसिंहनगर के सदर मोलाना जियाउर्रहमान के आह्वान पर काशीपुर के जनरल सेक्रेटरी अली अनवर द्वारा दिए ज्ञापन में अपील किया है कि क्षेत्र के धार्मिक स्थलों अस्पतालों सहित संकरी गलियों में स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए इसके साथ ही गलियों व सड़कों की साफ सफाई की व्यवस्था भी चाक-चौबंद हो ताकि संक्रमण बीमारियों के संभावित खतरे से भी बचा जा सके। जनहित के इन तमाम कार्यों को लेकर जमियत उलामा हिन्द के सभी सदस्यों ने संगठन के जनरल सेक्रेट्री अली अनवर के सम्मुख कटिबद्धता जताई कि यदि निगम प्रशासन ने जनहित के कार्यों को गंभीरता से नहीं लिया तो वह एकजुट होकर आंदोलन को बाध्य होंगे। जनरल सेक्रेटरी ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ी तो संगठन के तमाम सदस्य एकजुट होकर अर्धनग्न प्रदर्शन करने के लिए भी बाध्य हैं।

## प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों की करे पैरवी: मतीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा है कि प्रदेश सरकार को रेलवे भूमि के प्रभावित परिवारों के पक्ष में उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में पैरवी करनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा ही कि रेलवे भूमि अतिक्रमण के प्रकरण में प्रभावित व्यक्तियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा उच्च-न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में एस एलपी प्रस्तुत की है। लेकिन शीतकालीन अबकाश के कारण 2 जनवरी तक न्यायालय में सुनवाई नहीं हो सकती। ऐसी स्थिति में तथा सर्दी के मौसम को मद्देनजर रखकर प्रभावितों के विरुद्ध की जानी वाली अग्रिम कार्यवाही को रोका जाए। उन्होंने कहा कि सरकार उक्त प्रकरण में दिये गये वर्ष 6 के अपने शपथपत्र के परिपेक्ष 2016 में प्रकरण में उच्च न्यायालय मे पुन: याचिका प्रस्तुत करे अथवा सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर पैरवी करे। सरकार मलिन बस्ती योजना के अन्तर्गत सूची में शामिल प्रभावित बस्तियां जो सूची से



निष्कासित की गयी है उनको पुन: सूची में शामिल करे। श्री सिद्दीकी ने रेलवे अतिक्रमण के नाम पर लोगों को बेघर करने के विरोध में हुए विशाल शान्ति पूर्वक प्रदर्शन के लिये क्षेत्र तमाम जनता एव विशेष रूप से मात्रशक्ति व स्कूल के बच्चों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कड़कड़ाती ठंड में जो यह तमाम बुजुर्ग, महिलायें व छोटे छोटे बच्चे पूरे दिन धरने पर बैठे रहे। यह इस बात का प्रतीक है कि लोग इस आदेश से कितने प्रभावित है। श्री सिद्दीकघे ने कहा कि उच्च न्यायालय का हम सम्मान करते है लेकिन मानवीय सावेंदनाओं का भी शासन प्रशासन व सरकार को ध्यान रखना चाहिये। इस कड़ाके की ठंड में तो बेघर की कार्यवाही बिल्कुल नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि हम उच्च न्यायालय के आदेश के विरूद्ध उच्चतम न्यायालय में अपील की है। पूर्ण विश्वास है उच्चतम न्यायालय से सबको राहत मिलेगी। श्री सिद्दीकघे ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय गान के साथ धरने के समापन की घोषणा की।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# जिला होम्योपैथिक अधिकारी ने सुनी ग्रामीणों की समस्यायें

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाअधिकारी अल्मोड़ा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला होम्योपैथिक अधिकारी बीना निगम द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं का आकलन तथा स्थानीय समस्याओं का समाधान के तहत आज विकास खंड द्वाराहाट के ग्राम पंचायत छतेना में सभा का आयोजन कर लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान ग्राम वासियों के विभिन्न



प्रकरणों प्रकरणों पर चर्चा की गई। इस दौरान ग्राम वासियों द्वारा ग्राम के क्षेत्र में झाड़ी कटान, विद्युत तारों के लिए वृक्षों की लॉपिंग, हाई स्कूल छतेना में गणित एवं अंग्रेजी के लिए अध्यापक की तैनाती, राशन कार्ड जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान हेतु पत्राचार किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान सतीश चंद्र उपाध्याय, संबंधित राजस्व उप निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विधायक तिलकराज बेहड़ ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

किच्छा(उद संवाददाता)। खन्ना राइस मिल पर हुई लूट तथा चौकीदार के साथ मारपीट की घटना पर आक्रोश जताते हुए किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि क्षेत्र में क्राइम बढ़ता जा रहा है। जो की किच्छा पुलिस की



उदासीनता का नतीजा है, किच्छा पुलिस के अधिकारी वारदातों को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। जबकि पुलिस को रात्रि गस्त देने चाहिए वे लगातार इस बात को उठाते हैं तथा उन्होंने सदन में भी इस बात को रखा था किंतु प्रशासन ने अधिकारियों को छूट दे रखी है और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं जिस प्रकार से यह घटना घटित हुई है बहुत ही निंदनीय है नगर के बीच में स्थित राइस मिल में खुलेआम अपराधी आते हैं और लूट करके तथा चौकीदार पर जानलेवा हमला करके बुरी तरह घायल और लहूलुहाँन करके चले जाते और किच्छा पुलिस के अधिकारी हमेशा की तरह लीपापोती में लग जाते है वो बहुत हि शर्मनाक है। पुलिस अधीक्षक को स्वयं इस मामले को अपने हाथ में लेते हुए ऐसे अधिकारियों को तुरंत हटा देना चाहिए और घटना का खुलासा शीघ्र से शीघ्र करना चाहिए। वरना पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना किया जायेगा।

# शहीदी सप्ताह में चाय बिस्कुट का किया वितरण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन शिव मंदिर कमेटी द्वारा मीरा मार्ग में शहीदी सप्ताह में गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों के बलिदान का सिमरन करने के लिए चाय बिस्कुट का वितरण किया गया। इस मौके पर लोगों ने कड़ाके की



ठंड में चाय ग्रहण की। वितरण करे वालों में प्राचीन शिव मन्दिर कमेटी अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, कार्यक्रम सयोंजक हरिमोहन आरोरा, मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू, नन्द किशोर जायसवाल, अनु अग्रवाल, अशोक सिंधी, शिव कपूर, वीरेंद्र जायसवाल, सुनील गुप्ता, आनन्द गुप्ता, टिंकू नागर आदि शामिल थे।

# नई छात्र संघ ने समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की नई छात्रसंघ कार्यकारिणी ने बुधवार को प्राचार्य से मुलाकात की तथा महाविद्यालय की समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का निदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। छात्र संघ के विभिन्न पदों को संभालने के बाद अध्यक्ष आशीष कुमार के नेतृत्व में छात्र संघ पदाधिकारी



प्राचार्य डा एसएस धपोला से मिले तथा छात्र-छात्राओं की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय की समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने महाविद्यालय में पार्किंग की व्यवस्था किए जाने, शौचालयों की व्यवस्था व उनमें स्वच्छता का ध्यान रखने, छात्र संघ भवन का निर्माण कराए जाने, पेयजल व्यवस्था कराने की मांग की। इसके अलावा छात्र संघ ने बीए, बीएससी, बी काम के तृतीय व पंचम सेमेस्टर में प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो छात्र महासंघ व छात्र संघ उग्र आंदोलन को बाध्य होगा।

# चोरों ने बन्द घर से लाखों के जेवर व नकदी उड़ाई

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के एक बंद घर में चोरों ने धावा बोल दिया। घर को बंद कर परिवार शादी में गया था। इस दौरान चोरों ने गैलरी और कमरे का दरवाजा तोड़कर घर में रखी लाखों की नकदी और जेवर पर हाथ साफ कर दिया। शादी समारोह से लौटे परिवार ने घर में सामान बिखरा देखा तो गृह स्वामी ने पुलिस को सूचना दी। नगर के वार्ड संख्या तीन इस्लामनगर निवासी अतीकुर्रहमान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 दिसंबर की शाम करीब चार बजे वह अपने परिवार के साथ यूपी के शीशगढ़ जिला बरेली में रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शिरकत करने गए थे। दो दिन बाद 26 दिसंबर की शाम वह शादी समारोह से घर लौटे तो गैलरी का दरवाजा टूटा मिला। बैठक के दरवाजे का ताला तोड़कर चोर उनके घर में घुसे और कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। आरोप लगाया कि चोरों ने कमरे में रखीं तीन अलमारियों के लॉकर तोड़कर दो लाख एक हजार रुपये, गुल्लक में रखे 60 हजार रुपये, तीन तोले सोने की एक जोड़ी झुमकी आदि सामान चुरा लिया। उन्होंने पुलिस से खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि मामले की जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# विशेषज्ञ डॉक्टर न मिलने पर निजी अस्पताल सील

सितारगंज(उद संवाददाता)। एसडीएम ने स्वास्थ्य, राजस्व और पुलिस की टीम के साथ नगर के निजी अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल को सील कर दिया। बुधवार को नगर के पीलीभीत रोड स्थित एक निजी अस्पताल का एसडीएम तुषार सैनी ने सीएचसी की प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ. अभिलाषा पांडेय, मयंक नैनवाल, एसआई महेश चंद के साथ निरीक्षण किया। प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ. पांडेय ने अस्पताल की जांच की तो उन्हें अस्पताल के भीतर ऑपरेशन थियेटर, मेडिकल स्टोर, मरीजों को भर्ती के लिए रखे दस बेड मिले। डॉ. पांडे ने अस्पताल के संचालक हरजिंदर सिंह से हॉस्पिटल में भर्ती तीन महिलाओं के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि महिलाओं की आपरेशन के माध्यम से डिलीवरी कराई गई है। डॉक्टर ने आपरेशन करने वाली डॉक्टर की तैनाती की जानकारी ली लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम को अस्पताल में कोई विशेषज्ञ डॉक्टर की मौके पर तैनाती नहीं मिली। टीम ने अस्पताल प्रबंधन के समक्ष नाराजगी जताई। टीम ने अस्पताल में भर्ती जच्चा-बच्चा को एंबुलेंस से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कराया। सीएमओ को भेजी जाएगी।हरजिंदर सिंह, एमडी, केयर हॉस्पिटल सितारगंज के अनुसार अस्पताल का लाइसेंस रिन्युअल के लिए सीएमओ को आवेदन किया है। निरीक्षण करने आई टीम को आवेदन पत्र उपलब्ध भी करा दिया। अस्पताल में सर्जन है। लेकिन निरीक्षण के दौरान मौके पर नहीं मिले थे। वह अपने पक्ष को सीएमओ के समक्ष रखेंगे।


## शीघ्र आवश्यकता है

**SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को**

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम**, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रूद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर**

Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127

www.sampurnajeevan.com








## वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

**प्रो. शादाब खान**

**9012051994, 6399038125**

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर


# मनोज कुमार दास को मिली शिक्षा शास्त्र से पीएचडी की उपाधि

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के गुरुग्राम (शक्तिफार्म नम्बर 2) के निबासी मनोज कुमार दास को महाराजा अग्रसेन हिमालयन



गढ़वाल विश्वविद्यालय पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड से शिक्षा शास्त्र से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। मनोज ने यह उपाधि ह्यूमेनिटी एण्ड साइंस, डिपार्टमेंट ऑफ एज्यूकेशन की डा. अलका कुमारी के पर्यवेक्षण में ली। उनकी उपलब्धि पर रिसर्च डीन डा. शैलेश कुमार, असिस्टेंट डीन डॉक्टर बबीता, कुलसचिव प्रोफेसर पीके डे, कुलपति डा. एनके सिन्हा, कुलाधिपति प्रोफेसर एसके गुप्ता आदि ने बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।डॉक्टर मनोज दास ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनो को दियाडॉक्टर दास के इस उपलब्धि पर उनके निवास स्थल पर बधाई देने दर्जनों लोग पहुँचे।

# उपाध्यक्ष महिला आयोग कल पहुंचेगी भिकियासैंण

अल्मोड़ा। प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) महिला आयोग, उत्तराखण्ड ज्योति साह मिश्रा दिनॉक दिनॉक 29 दिसम्बर, 2022 को 10:00 बजे वन विश्राम गृह मानिला से प्रस्थान कर 11:00 बजे सल्ट ब्लॉक सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। 01:00 बजे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ वार्तालाप करने के उपरान्त 03:00 बजे कफल्टा ग्रामसभा में चौपाल में प्रतिभाग करेंगी तथा रात्रि विश्राम वन विश्राम गृह मानिला में करेंगी। उन्होंने बताया कि दिनॉक 30 दिसम्बर, 2022 को 09:30 बजे वन विश्राम गृह मानिला से प्रस्थान कर 11:30 बजे भिकियासैंण पहुॅचकर ब्लॉक सभागर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। 01:00 बजे स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के साथ वार्तालाप करेंगी तथा 03:00 बजे पंचायत भवन में चौपाल में प्रतिभाग करने के पश्चात् 05:00 बजे रानीखेत के लिए प्रस्थान करेंगी।


जय श्री बालाजी जय श्री राम जय श्री बालाजी

**नववर्ष के उपलक्ष्य स्वर्ण चोला श्रृंगार, छप्पन भोग, विशाल भंडारा एवं भव्य एवं**

## श्री बाला जी दरबार

**स्थान-श्री बाला जी मंदिर, दिनेशपुर**

**01 जनवरी,दिन रविवार प्रात: 9 बजे से**

**निवेदक-राजेन्द्र अग्रवाल,महन्त, श्री बाला जी मंडल रजि०,दिनेशपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार**


# श्रद्धालुओं ने निकाली प्रभात फेरी, 3 जनवरी को निकलेगा नगर कीर्तन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।साहिब श्री गुरु नानक देव जी की दसवीं जोत साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 355 वे प्रकाश गुरपुरब के उपलक्ष्य में आज दूसरी प्रभातफेरी प्रातः 5.30 बजे गुरुद्वारा सिंघ सभा से शुरू होकर मीरा मार्ग, रामपुर रोड, विष्णु पुरी, गली नंबर 8 व 9 होते हुए गुरुद्वारा हरि किशन साहिब जी, रामपुर रोड गली नंबर 6 पहुंची। शबदी जत्थों के रूप में समूह संगत ने गुरु साहिब द्वारा उच्चारण की हुए बाणी का गायन किया। संगत ने अपने घरों को रोशनी की मालाओं से सजाकर, आतिशबाजी, पुष्पवर्षा कर और रामपुर रोड गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने पुष्पवर्षा कर प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष स. रंजीत सिंघ ने रामपुर रोड गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष स.अमरीक सिंघ व प्रभातफेरी में पहुंची समूह संगत का धन्यवाद किया। इस क्रम में कल तीसरी प्रभातफेरी गुरुद्वारा दुखनिवारण साहिब



राजिंदर नगर जाएगी। प्रभात फेरियां आगामी 2 जनवरी तक चलेंगी। 1 जनवरी को टर्बन डे के रूप में मनाया जायेगा। सुबह 11.30 बजे सिख बच्चे एवं बच्चीयां रंग बिरंगी दस्तार सजा के गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल से गुरद्वारा सिंघ सभा की ओर प्रस्थान करेंगे। 3 जनवरी को रामलीला मैदान से नगर कीर्तन 11 बजे निकलेगा। 5 जनवरी को धार्मिक दीवान 9.30 से 3 बजे तक रामलीला मैदान में सजेगा।गुरु का लंगर अतूट बरतेगा।आज प्रभात फेरी में रंजीत सिंघ आनंद, अमरीक सिंघ आनंद, रविंदरपाल सिंघ शंटी , गुरविंदर सिंघ, अमरजीत सिंघ साहनी, जसपाल सिंघ चंडोक, तजिंदर सिंघ, रविंदरपाल सिंघ, हरविंदर सिंघ आनन्द, मनप्रीत सिंघ, दलजीत सिंघ, भुप्रीत सिंघ, कमलदीप सिंघ ओबरॉय, अमरजोत सिंघ सेठी, परमजीत सिंघ पम्मा, इंदरपाल सिंघ आदि ने सहयोग किया।

# डीएम ने किया तहसील कार्यालय रूद्रपुर का निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत नें बुधवार को उप जिलाधिकारी कार्यालय व तहसील कार्यालय रूद्रपुर का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने उप जिलाधिकारी कार्यालय व कोर्ट का निरीक्षण करते हुये कहा कि वादों का शीघ्रता से निस्तारण करें। उन्होने कहा कि कार्ट रजिस्टर में ओवर राईटिंग न हो इसका विशेष ध्यान रखे। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील कार्यालय के विभिन्न पटलो का गहनता से निरीक्षण करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। गलती की सम्भावना न रहे। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली पत्रावलियों का निरीक्षण के दौरान आरसी वापसी के कारणों का स्पष्ट अंकन न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि आरसी वापसी के कारणों का रजिस्टर में अंकन करने के सुनिश्चित करें। उन्होने राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश सम्बन्धित को दिये।उन्होने जनाधार केन्द्र का निरीक्षण करते हुये कहा स्थाई प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि निधारित समयान्तर्गत निर्गत करें ताकि लोगों को




दस्तावेजों को ठीक तरह से सुरक्षित रखा जाये। उन्होने कहा कि सूचना अधिकार आवेदना का समय से निस्तारण किया जाये व सभी पत्रवलियों पर पृष्ठ संख्या अवश्य अंकित करें। उन्होने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि कोर्ट में लम्बित उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं का समय से निस्तारण करें ताकि लोगों को अनावश्यक परेशान न होना पडे। उन्होने कनूनगो को निर्देश देते हुये कहा कि खतौनी रजिस्टर को समय-समय पर चेक करना सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की साथ ही कम्प्यूटर में स्केन कर सुरक्षित किया जाये इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरते। उन्होने सम्बन्धित को निर्देश देते हुये कहा कि बैंक, रेरा, आबकारी, सेल टैक्स आदि का वसूली रजिस्टर अलग-अलग बनाकर उसमे अंकन करना अनावश्यक परेशान न होना पडे। उन्होने कहा कि लोगों इस तहसील से बेहतर व समय पर सुविधा मिले इस सोच के साथ कार्य करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, ओसी मनीष बिष्ट, नायब तहसीलदार भरत लाल आदि उपस्थित थे।

# कृष्णा हॉस्पिटल एण्ड क्रिटिकल केयर ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कृष्णा हॉस्पिटल एण्ड क्रिटिकल केयर सेन्टर रूद्रपुर द्वारा कलक्ट्रेट में लगाये गये नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने फीता काट कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना काल के इस दौर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न बीमारियों की जांच करना एवं जांच के उपरांत ईलाज में सहयोग करना एक यह एक अच्छी पहल है। उन्होने कहा कि किसी भी बीमारी का



जांच के उपरांत ही पता चल पता है, और उसी के अधार पर सही तरह से ईलाज सम्भव हो सकता है। उन्होने कहा कि स्वस्थ्य रहकर ही मनुष्य अपने जीवन में कोई कार्य कर सकता सकता है। उन्होने इस कार्य के लिये शुभकामना व बधाई दी। जांच शिविर में हॉस्पिटल द्वारा लोगों को नि:शुल्क जांच के साथ ही नि:शुल्क दवाईया भी उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, हॉस्पिटल के चेयरमैन विजय अग्रवाल, डॉ0 गौरव अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश से वैन में भरकर ला रहे मिलावटी मिठाई की खेप पकड़ी

सुल्तानपुर पट्टी( उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर पुलिस को भारी मात्रा में मिठाई मिली, लेकिन उस मिठाई को पुलिस चख भी नहीं सकी। जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मिठाई को नष्ट कर दिया। बाजपुर की दोराहा चौकी पुलिस ने उत्तर प्रदेश से मिलावटी मिठाई लेकर आ रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस को पकड़े गए व्यक्ति के पास से भारी मात्रा में मिलावटी मिठाई बरामद हुई, वही मौके पर पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटी मिठाई के सैंपल लेने के उपरांत मिठाई को नष्ट कर दिया और पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। बता दें कि बाजपुर की दोराहा चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश के ग्राम नरपत नगर से एक व्यक्ति वैन में मिलावटी मिठाई लेकर बाजपुर आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर दोराहा चौकी इंचार्ज देवेंद्र राजपूत ने पुलिस टीम के साथ दोराहा चौक पर एक वैन को रोक लिया। पुलिस द्वारा वैन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में मिलावटी मिठाई बरामद हुई। पुलिस ने वैन चालक को मिलावटी मिठाई के साथ पकड़ लिया और मामले की सूचना खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को दी।सूचना मिलते ही जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ललित मोहन पांडे और वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह मौके पर पहुंची। जहां खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटी रसगुल्ले, बर्फी, पतीसा और मिलक केक के 16 सैंपल लेकर मिलावटी मिठाई को नष्ट कर दिया। साथ ही जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ललित मोहन पांडे ने मिलावटी मिठाई लेकर आए व्यक्ति वली अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पुलिस के साथ संयुक्त रूप से दोराहा स्थित धन्यवाद होटल में छापेमारी करते हुए मिठाइयों के सैंपल लिए हैं। वहीं पुलिस ने वैन को सीज कर दिया है। इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ललित मोहन पांडे ने बताया कि उत्तर प्रदेश से लाई गई नकली मिठाई को नष्ट कर दिया गया है और मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




# जरूरमंदों की सेवा ही मानवता की असली सेवा: मोनिका

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बुधवार को बढ़ते शीत लहर को देखते हुये जिलाधिकारी युगल किशोर पंत की पत्नी श्रीमती मोनिका पंत ने कुष्ठ आश्रम पहुंचकर कम्बल, मिष्ठान व छोटे बच्चों के लिये चॉकलेट एवं विस्कुट का पैकिट वितरण किया। श्रीमती पंत ने कहा कि कड़ाके की ठंड में कम्बल मिलने से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होने कहा कि जरूरमंदों की सेवा ही मानवता की असली सेवा है। उन्होने कहा कि गरीब व असहाय लोगों की सहायता करना हम सबका दायित्व है। इस दौरान कुष्ठ आश्रम में ठंड से ठिठुर रहे, वृद्ध व बच्चें कम्बल मिलने से बहुत ही खुश हुये। इस अवसर पर संजीवनी डिस्ट्रिक्ट क्लब की सदस्या श्रीमती निरमेश जय भारत, श्रीमती प्रीति मर्तोलिया,श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, श्रीमती नमिता सिंह, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल आदि उपस्थित थे।




# अलाव जलाकर व्यापारियों ने दी लोगों को राहत



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कड़ाके की ठंड एवं कोहरा की धुंध के बीच मटर गली के व्यापारियों द्वारा अलाव जलाकर राहगीरों व व्यापारियों के लिए राहत का काम किया। व्यापारी नेताओं ने सभी शहर के व्यापारियो, समाजसेवियों व नगर-निगम से भी अपील की कि ठंड से निबटने के लिए शहर के चौराहे पर आम जनमानस के लिए अलाव जलाये जाने चाहिए। उन्होंने कहा हम सभी मिलकर चौराहों पर एक बॉक्स रूपी नेकी की दीवार को शुरुआत तौर पर करें। जिसमे हम अपने घरों के गर्म व बेकार हो चुके नहीं पहनने वाले कपडे व कम्बल राजाई-गददे और चादरे उस बॉक्स में डाले ताकि मजदूर और गरीब जरूरतमंद लोग अपने हिसाब से वह परिवार के हिसाब से उन कपडों को साइज का ले जाये। यहां ना किसी का फोटो खींचेगा ना देने वाले को पता और ना ही लेने वाले का पता। आज ठंडी के सर्दी के मौसम को देखकर व्यवसायियो द्वारा अलाव जलाकर एक राहत की पहल की है। जिस में मुख्य रूप से मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महामंत्री पंकज गुप्ता, प्रेम चौधरी, मयंक वार्ष्णेय, राकेश वार्ष्णेय, राहुल दुआ, विजय प्रकाश शर्मा, लक्ष्मी नारायण, अतुल गुप्ता, संदीप सक्सेना, विनोद कुमार, मुकुंद गुप्ता आदि शामिल रहे।

# प्रेस में जैकेट फंसने से श्रमिक की मौत

## आक्रोशित परिजनों ने फैक्ट्री के गेट पर किया प्रदर्शन

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुरादाबाद रोड स्थित सिद्धार्थ पेपर मिल के यूनिट संख्या दो में ड्यूटी के दौरान बेबी प्रेस के रोल में फंसकर एक कर्मचारी गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों को जैसे ही हादसे की भनक लगी उनमें कोहराम मच गया। इस दौरान गंभीर रूप से घायल फैक्ट्री कर्मी को तत्काल उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम रतूपुरा तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी संदीप कुमार 28 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश पिछले लगभग 5 वर्ष के करीब से मुरादाबाद रोड स्थित सिद्धार्थ पेपर मिल में प्रेस ब्वाय के पद पर कार्यरत है। पहले वह यूनिट 3 में काम करता था। बताया जा रहा है कि अभी कुछ समय पूर्व उसे यूनिट-2 में शिफ्ट कर लिया गया। पता चला है कि रोजाना की भांति आज सुबह 6:00 बजे वहां ड्यूटी पर आया। यूनिट 2 में बेबी प्रेस रोल पर कार्य करते हुए उसकी जैकेट मशीन में फंस गई और पलक झपकते ही चपेट में आकर वह गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। फैक्ट्री प्रबंधन को जैसे ही हादसे की भनक लगी उसने तत्काल घायल कर्मचारी को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल पहुंचाया जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की लगभग एक वर्ष पूर्व शादी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। उधर दूसरी ओर शाम होने तक फैक्ट्री प्रबंध तंत्र तथा मृतक परिजनों के बीच जब बात सुलह समझौते की नहीं बनी तो आक्रोशित परिजनों ने अन्य फैक्ट्री कर्मियों को साथ लेकर फैक्ट्री के गेट पर प्रदर्शन की स्थिति पैदा कर दी। यह देख फैक्ट्री प्रबंध तंत्र के हाथ पांव फूल गए। फैक्ट्री प्रबंध तंत्र ने मृतक परिजनों को एक बार फिर से बुलाकर सुलह समझौते के प्रयास किए। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौते के प्रयास जारी है। ज्ञातव्य यह भी है कि मृतक का एक अन्य भाई भी इसी फैक्ट्री में कार्यरत बताया जा रहा है।




## पहले भी हो चुकी है कई मौतें, प्रबंधन नहीं लेता सबक

काशीपुर। सिद्धार्थ पेपर मिल में इस तरह के हादसों की यह कोई पहली घटना नहीं है। अब से पूर्व भी इस फैक्ट्री में ऐसी आधा दर्जन से अधिक घटनाएं घटित हो चुकी हैं जिनमें कर्मचारी अपनी जान गवां चुके हैं लेकिन प्रबंधन तंत्र हादसों से आज तक सबक नहीं ले सका। बीते अक्टूबर माह में फैक्ट्री के यूनिट संख्या 3 सिद्धेश्वरी पेपर मिल में ऊंचाई से गिरकर एक कर्मचारी मौत के मुंह में चला गया। अपुष्ट सूत्रों की माने तो मृतक परिजनों का मुंह बंद करने के लिए मुआवजे के नाम पर उन्हें लगभग 4:30 लाख दिए गए। इसी तरह लगभग एक वर्ष पूर्व यूनिट 2 में टीन शेड से गिरकर ठाकुरद्वारा के एक कर्मचारी की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। पेपर मिल में हुई संदीप की मौत अपने पीछे तमाम ऐसे सवाल छोड़ गई जिसका फैक्ट्री प्रबंधन के पास कोई जवाब नहीं है। सूत्रों की माने तो संदीप की मौत बेबी प्रेस में उसकी जैकेट फंसने के कारण हुई। यानी यदि वह लूज कपड़ा पहनकर ड्यूटी नहीं कर रहा होता तो शायद हादसे से बचा जा सकता था। सूत्र बताते हैं कि ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों को फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार के कोई सुरक्षा उपकरण हेलमेट आदि नहीं मुहैया कराए जाते। यानी अनियमितताओं के ढेर पर सिद्धार्थ पेपर मिल के सभी तीनों यूनिटों का संचालन किया जा रहा है।

# सांस्कृतिक झांकियों के साथ होगा उत्तरायणी मेले का भव्य आगाज

## मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी व मेलासमिति ने किया नुमाइशखेत, सरयू बगड़ का स्थलीय निरीक्षण, 100 वर्ष पुराने झूला पुल से आवागमन पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा, सरयू घाट पर सायं भव्य आरती के साथ दीपोत्सव का आयोजन होगा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। आगामी 14 जनवरी से आयोजित होने वाले ऐतिहासिक, पौराणिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक मेला उत्तरायणी को लेकर मेला संरक्षक जिलाधिकारी, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल और मेलाधिकारी हरगिरी ने संयुक्त रूप से मेला स्थल नुमाइशखेत, सरयू बगड़ का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पौस का माह चल रहा है। ठंड बहुत है इसलिए सांस्कृतिक पंडाल को वाटर प्रुफ बनाया जाए। उन्होंने सांस्कृतिक पंडाल, विकास प्रर्दशनी, दुकानों के ले-आउट प्लान देखा और चर्चा की। उन्होंने बागनाथ मंदिर घाट के सामने नदी पार दीवारों की सफाई करने के साथ ही सफेदी कराने के निर्देश दिए। घाटों का भी सफाई करने के साथ ही सुंदरीकरण करने को कहा। सरयू-गोमती पर अस्थाइ पुलों का निर्माण शीघ्र कराने के निर्देश दिए। सरयू झूला पुल 100 वर्ष से अधिक का हो चुका है। मेले के दौरान झूला पुल में आवागमन पूर्ण तरह प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मेला समिति और अधिकारियों के साथ पालिका में बैठक हुई। बैठक में मेलासमिति के सदस्यों द्वारा मेले के कुशल संचालन और पर्याप्त व्यवस्थाओं की रूपरेखा की सूची जिलाधिकारी को बताई। मेलाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने सरयू गोमती संगम तट पर होने वाले मेले को ऐतिहासिक बनाने और मेले को विश्वस्तर पर मेले के माध्यम से स्थानीय सँस्कृति को विश्व पटल पर स्थान दिलाने के लिए डिजिटल स्तर पर प्रसारित कर मेले को ऐतिहासिक बनाने की बात कही।मेले से पूर्व झांकी को ऐतिहासिक बनाने, विश्व की प्रमुख सँस्कृतियो का समावेश करने,अनेकता में एकता की महत्ता को परिणित करने, महापुरुषों, तपस्वियों की कर्मस्थली के रूप में मेले को विश्व विख्यात बनाने को लेकर रायसुमारी की। बैठक में मेलसमिति के सदस्यों ने मेले को भव्य बनाने में अपनी राय दी। मेले में प्रतिवर्ष की भांति नुमाइशखेत मैदान में प्रतिदिन खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किए जाने, विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमो में लोकसंस्कृति को बढ़ावा देने,आधुनिक तरीके से मेले की भव्यता को नया स्वरूप देकर ऐतिहासिक बनाने की बात कही,मेले की संरक्षक डीएम अनुराधा पाल ने सभी लोगो को मेले को भव्य बनाने के लिए सभी के सहयोग से प्रतिदिन तैयारी विषयक राय सुमारी से मेले को भव्य बनाने की बात कही।वही मेले के भव्य आयोजन को लेकर आमजन से जिला



प्रशासन को सहयोग देने की बात कही। वही बैठक में पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा कि मेला हम सभी की धार्मिक सांस्कृतिक,ऐतिहासिक पराकाष्टा, का प्रतीक है।कोरोना के चलते दो साल मेले का आयोजन नही हो पाया इसलिए दो सालों के अंतराल को भुलाकर मेले की भव्यता को बनाने के लिए अनवरत प्रयास किए जा रहे है, उन्होंने मेले की भव्यता को बनाने के लिए बैठक द्वारा विचार मंथन से मेले को ऐतिहासिक बनाया जा सकता है।कहा कि मेले को भव्य बनाने में आवश्यक सुझावों को कमेटी में लेकर मेले को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। मेले में मेलार्थियों के लिए शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था, सरयू नदी में उपनयन संस्कार, और मेलार्थियों बाहरी व्यापारियों को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था देने, मेले को आकर्षक बनाने के लिए सभी आवश्यवक सुझावों को मेले केकुशल संचालन में वरीयता देने की बात कही। जिलाधिकारी व मेला संरक्षक अनुराधा पाल ने कहा कि उत्तरायणी मेले को भव्य रूप दिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मेले के दौरान ठंड को देखते हुए वाटर प्रूफ पंडाल बनाया जाय। उन्होंने सांस्कृतिक पंडाल, विकास प्रर्दशनी, दुकानों का ले आउट प्लान देखा व चर्चा की। उन्होंने सरयू-गोमती पर अस्थाई पुलों का निर्माण भी शीघ्रता से कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सरयू झूला पुल 100 वर्ष से अधिक का हो चुका है इसलिए मेला दौरान झूला पुल में आवागमन पूर्ण तरह प्रतिबंधित रहेगा। निरीक्षण उपरांत मेला संरक्षक श्रीमती पाल ने नगरपालिका में बैठक लेते हुए कहा कि उत्तरायणी मेले को भव्य रूप दिया जायेगा। मेले में कुछ नया किया जाना है तो उसका प्रस्ताव बनाये, प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग किया जायेगा। उन्होंने मेला समिति की बैठक लेते हुए कहा कि सभी समितियॉ अपनी-अपनी तैयारियॉ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा इस बार सरयू घाट पर सायं भव्य आरती के साथ ही दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा, उसके उपरांत लेजर शो भी आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेला शुभारम्भ दिवस 14 जनवरी को भव्य, सुन्दर झॉकी का आयोजन होगा। उन्होंने उत्तरायणी मेले को सफल रूप से संचालित करने हेतु सभी से सहभागिता की अपील की। अध्यक्षता करते हुए नपा व मेलाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा कि इस वर्ष उत्तरायणी मेला 14 से 24 जनवरी तक 10 दिनों का होगा, इसके सफल संचालन हेतु समितियों का गठन किया जा चुका है। बताया कि 14 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे से तहसील परिसर बागेश्वर से नुर्माइशखेत तक सांस्कृतिक झॉकी निकाली जायेगी, तथा 02:00 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मेले का विधिवत शुभारम्भ किया जायेगा। इस ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक एवं व्यापारिक मेले को सुव्यवस्थित संचालन एवं भव्यता प्रदान करने हेतु उन्होंने सभी सदस्यों, गणमान्यों से सुझाव भी लिये, उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों को जोड़ने का प्रयास किया जायउप जिलाधिकारी व मेलाधिकारी हरगिरी ने मेले के सफल संचालन हेतु सभी से सहयोग की अपील की उन्होंने कहा कि मेले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। असमाजिक तत्वों से सख्ती से निबटा जायेगा। बैठक में नरेन्द्र सिंह खेतवाल, दलीप खेतवाल, जयंत भाकुनी, भुवन काण्डपाल, किशन सिंह मलड़ा, रणजीत बोरा, इन्द्र सिंह परिहार , सभासद प्रेम सिंह हरड़िया, नीमा दफौटी, नीमा देवी, कैलाश राम, मनोज कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# वार्षिकोत्सव में महिलाओं ने लगाए स्वनिर्मित वस्तुओं के स्टॉल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नारी शक्ति गौरा आजीविका महिला ग्राम संगठन के तृतीय वार्षिकोत्सव में महिलाओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम



प्रस्तुत कर आयोजित मेले में स्वनिर्मित वस्तुओं के अनेक स्टॉल लगाए जहां लोगों ने खूब खरीददारी की। ग्राम पनियाली में आयोजित हुए कार्यक्रम में संगठन की प्रमुख ने बताया कि ग्राम संगठन निरंतर समूह की महिलाओं के लिए रोजगार के लिए कार्य करता आया है और भविष्य में भी रोजगार परक कार्य करने जा रहा है। जिससे समूह की सभी महिलाओं को रोजगार मिलेगा। जैसे बेकरी की ट्रेनिंग दी जाएगी। समूह की महिलाएं संगठन में धूपबत्ती, अचार, बड़ी मूंगफली, बुटीक सिलाई का कार्य करती रहती है। वार्षिकोत्सव मेले में सभी महिलाओं ने अपने खाने और सामान के स्टाल लगाए थे। समूह द्वारा भविष्य में भी यह मेला किया जाएगा। जिससे महिलाओं को रोजगार एवं सामाजिक कार्य की जानकारी मिलती रहेगी। मेले में प्राइमरी पाठशाला पनियाली व द मास्टर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मेले का संचालन नीलू नेगी एवं बसन्ती राणा द्वारा किया गया। मेले में मनोज पाठक, बालम देवका, समाजसेवी विद्या महतोलिया, पार्वती किरोला, रागिनी आर्य, ग्राम प्रधान पनियालीरमेश चंद्र जोशी, एडीओ ब्लॉक हल्द्वानी, लता सुयाल बीएमएम, एनआरएलएम भावना, मुकेश रघुवंशी, जानकी फर्त्याल,अक्षय सुयाल क्षेत्र पंचायत सदस्य पनियाली, गुंजन मेहरा क्षेत्र पंचायत सदस्य लामाचोड़, समाजसेवी चन्दन राणा, योगेश हैड़िया, बसंती राणा, ममता जोशी, नेहा भट्ट, मंजू, पार्वती आदि उपस्थित थे।

# नव वर्ष आगमन पर चौकस सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करें : एसएसपी

अल्मोड़(उद संवाददाता)। एसएसपी अल्मोड़ा का थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश, नव वर्ष आगमन पर चौकस सुरक्षा व्यवस्था के साथ शांति/कानून एवं यातायात व्यवस्था रखेंगे दुरुस्तश्री प्रदीप कुमार राय, एसएसपी अल्मोड़ा ने समस्त सीओ, थाना/चौकी प्रभारी, निरीक्षक/उ0नि0 यातायात व प्रभारी इण्टरसेप्टर को नव वर्ष 2023 के आगमन पर जनपद में शांति/ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने हेतु कस्बा/बाजारों में पिकेट/ गश्त ड्यूटी लगाने, होटल/ ढाबों/ रेस्टोरेण्ट/ होम स्टे की चौकिंग व यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिये गये है । इस क्रम में सीओ अल्मोड़ा श्री विमल प्रसाद के नेतृव में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा राजेश कुमार यादव द्वारा पुलिस बल के साथ नगर अल्मोड़ा व अन्य थाना प्रभारियों द्वारा अअपने थान ाक्षेत्रमेंस्थित सभी होटलों/ ढाबों /रेस्टोरेन्टों की चौकिंग कर आगमन प्रस्थान रजिस्टर को चौक किया गया। इस



दौरान संचालकों को नव वर्ष के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति सजग कर होटलों में लगे सीसीटीवी कैमरों को सही रखने व आगन्तुकों को ठहराने से पूर्व उनकी आईडी/पहचान प्रूव दस्तावेजों' आदि को भली-भाति चौक कर सत्यापित करने के उपरान्त ही कमरा किराये पर दें। किसीप्रकार की संदिग्धता प्रतीत होने पर तत्काल पुलिसको सूचना देने हेतु बताया गया। इसके उपरान्त नगर के बाजार व गलीमोहल्लों में भ्रमण कर चौकिंग अभियान चलाकर अराजक व शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी गयी। नव वर्ष आगमन की पूर्व संध्या पर हुड़दंग, शराब पीकर उत्पात मचाने वाले उपद्रवियों व शान्ति व्यवस्था में खलल डालने वाले अराजक एवं शरारती तत्वों के विरुद्धपुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही कीजायेगी। टीआई/ प्रभारी इण्टरसेप्टर द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु निरन्तर कार्यवाही की जा रही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरीजों को वितरित किए फल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस कमेटी रुद्रपुर द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 137वै स्थापना दिवस के मौके पर जिला अस्पताल में जाकर मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की । श्री तनेजा व पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के डॉक्टर से भी मुलाकात करी और मरीजों की अच्छी देखभाल करने की अपील करी । इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को व उपस्थित सभी व्यक्तियों को कांग्रेस के स्थापना दिवस की बधाई दी । इस मौके पर महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी है जिसको कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपनी लगन और मेहनत से सीचा है । श्री तनेजा ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि एक विचारधारा है जिसने देश के विकास में अहम योगदान दिया है राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने हमेशा राष्ट्रहित में धार्मिक सोहार्द व एकता को कायम रखते हुए देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया है लेकिन आज कुछ ऐसे राजनीतिक दल के हाथों में सरकार आ गई है जो धर्म व जाति के नाम पर देश को आपस मे लड़ाने का कार्य कर रही है । आज देश मे किसान मजदूर व व्यापारी हर वर्ग परेशान है और जनता फिर से सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की तरफ देख रही है आने वाला समय फिर से कांग्रेस का है । पीसीसी सदस्य परिमल राय ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को की गई थी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और और पार्टी के सैकड़ों लोगों ने अपनी शहादत देकर इस देश को आजाद कराया और देश के विकास में अपना योगदान दिया इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता । इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा नगर निगम में विपक्ष के नेता मोनू निषाद महामंत्री राजीव कामरा, विजय अरोरा बाबू खान एनएसयूआई के अध्यक्ष चेतन भट्ट वरिष्ठ नेता गोपाल भसीन सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली पार्षद मोहन भारद्वाज अशफाक राजेश कुमार अबरार अहमद सुनील आर्य जगदीश कर्मकार बाबू विश्वकर्मा उमाशंकर इदरीस गोला सुमित राय जकी रजा आदिल सपना गिल कमलेश गुप्ता साहिल कक्कड़ नजीर खान अजय यादव रामप्रसाद हाजी नबी रजा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।





# कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हुआ फल वितरण कार्यक्रम

बागेश्वर। अखिल भारतीय राष्टीय कांग्रेस कमेटी के स्थापना दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम आयोजित करते हुए कांग्रेस को पुनः सत्ता में पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला चिकित्सालय में फल वितरित किए। बैठक में उत्तरायणी मेले के राजनैतिक कार्यक्रमों पर भी चर्चा की। राज्य स्थापना दिवस पर पार्टी जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं



ने जिला चिकित्सालय में फल वितरित किए। इसके बाद पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस को देश के विकास की प्रमुख पार्टी बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को नई दिशा दी है। पूर्व विधायक व राहुल गांधी द्वारा आयोजित नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो यात्रा से वापस लौटे पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण का माल्यार्पण करके स्वागत किया। इस दौरान फर्स्वाण ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को जनता का अपार समर्थन मिला। उन्होंने संगठन मजबूती पर बल दिया। बैठक में 14 जनवरी को उत्तरायणी मेले में कार्यक्रम के तहत बैठक करने का निर्णय लिया। बैठक मेंगोपाल दत्त भटट, बबलू नेगी, गोविंद कठायत, ललित बिष्ट, राजेंद्र सिंह परिहार, सुरेश गढ़िया, कुंदन गिरी आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कड़ाके की ठंड

मौसम का अपना चक्र होता है और उसी मुताबिक देश-दुनिया के अलग-अलग इलाकों में तापमान भी बढ़ता-घटता रहता है।इसलिए फिलहाल अगर समूचा उत्तर भारत कड़ाके की ठंड से कांप रहा है तो यह कोई अस्वाभाविक घटना नहीं है। लेकिन ऐसे मौसम में जीवन अगर अस्त-व्यस्त होता है तो इसका मुख्य कारण उसका सामना करने के मामले में कहीं उचित सावधानी नहीं बरतना तो कहीं संसाधनों का अभाव होना होता है।गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों समेत पश्चिमोत्तर भारत के व्यापक हिस्से में तापमान में गिरावट की वजह से ठंड काफी बढ़ गई है। ये इलाके शीतलहर की चपेट में हैं। खासतौर पर दिल्ली के कुछ इलाकों में इस बार तापमान चार और पांच डिग्री के आसपास तक चला गया, जबकि ऐसी आशंका कुछ पहाड़ी इलाकों में होने को लेकर जताई जाती रही है। ज्यादा मुश्किल इसलिए पेश आ रही है कि कई राज्यों में बेहद कम तापमान के बीच कोहरे की समस्या खड़ी हो गई है, जिससे सड़कों पर वाहनों से लेकर रेल गाड़ियों की रफ्तार भी बहुत धीमी हो गई है। समझा जा सकता है कि ऐसी स्थिति में रोजमर्रा की जिंदगी में लोगों को किस तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ रहा होगा। ऐसे में बचाव ही एकमात्र उपाय होता है, जिसे जहां सुविधा संपन्न लोग अपने स्तर पर सुनिश्चित करते हैं, तो बड़ा तबका ऐसा भी है जो ठंड की मार के बीच सरकार की ओर से किए जाने वाले बचाव के इंतजामों की उम्मीद करता है या फिर किसी तरह अपनी जिंदगी काटता है। ऐसे में दिल्ली और अन्य शहरों में रैन बसेरे सहित ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों और अन्य उपाय सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।यह छिपा नहीं है कि देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली के रैन बसेरे व्यवस्थागत कोताही या बदइंतजामों की वजह से कई बार केवल दिखावे का ठौर बन कर रह जाते हैं। जबकि जमा देने वाली ठंड से जूझते जरूरतमंद लोगों को थोड़ी राहत देने के लिए उचित इंतजाम करना सरकार की जवाबदेही भी है। अभी जाड़े के मौसम की मार एक तरह से बढ़नी शुरू ही हुई है, जो अगले कुछ हफ्ते तक बनी रह सकती है। इसलिए दिल्ली सहित ठंड से बुरी तरह प्रभावित सभी राज्यों और इलाकों में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए सरकारी स्तर पर भी उचित प्रबंध किए जाने चाहिए। इसके अलावा, पिछले करीब तीन सालों के दौरान कोरोना विषाणु से उपजी महामारी ने जो हालात पैदा किए थे, उसके मद्देनजर इस बार आशंका यह जताई जा रही है कि तापमान के इतना नीचे गिरने को लेकर सावधानी नहीं बरती गई तो आम लोगों की सेहत के सामने कई जोखिम पैदा हो सकते हैं। दरअसल, जाड़े के मौसम में रक्तचाप सहित कई तरह की दिक्कतें बढ़ जाने को स्वाभाविक माना जाता रहा है, लेकिन इस बार कोरोना विषाणु से संक्रमित होकर बाहर आ चुके होने के बावजूद ऐसे लोगों को ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। इस मौसम में बहुत सारे लोगों को सर्दी-जुकाम और बुखार जैसी मुश्किलें पेश आती रही हैं, लेकिन अब इन्हीं स्थितियों में संक्रमण के स्वरूप को पहले की तरह सहज भाव से लेना खतरे से खाली नहीं रह गया गया है। सामान्य सर्दी-जुकाम या बुखार दिखने वाली परेशानी के पीछे कोई गंभीर वजह हो सकती है, इसलिए समय पर इसकी जांच और उचित इलाज एक प्राथमिक और जरूरी कदम है। जाहिर है, इस साल का जाड़ा पहले के मुकाबले ज्यादा सावधान और सुरक्षित रहने की ताकीद करता है।

# क्रिकेटर दीपक धपोला का रणजी ट्रॉफी में बेहतरीन प्रदर्शन,जिले का नाम हुआ रोशन


बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले को खेल प्रतिभा की खान कहें तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी, जिले के खिलाड़ी अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है।जिले से क्रिकेट में मनीष पांडे,कमलेश नगरकोटी जैसे खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर जिले का नाम रोशन किया तो एक और क्रिकेटर दीपक धपोला ने अपनी खेल प्रतिभा से क्रिकेट की दुनिया मे अपनी गैदबाजी से सबको अचंभित कर इतिहास रच दिया है।जिले के देहरादून में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हो रहा है। इस मैच में उत्तराखंड के गेंदबाज दीपक ध पोला ने 8.3 ओवर में 35 रन देकर 8 विकेट चटका कर इतिहास रच दिया है।दीपक की इस खतरनाक गेंदबाजी ने हाहाकार मचा दिया है। उनकी शानदार गेंदबाजी को देख भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह भी मुरीद हो गए हैं। शाह ने दीपक धपोला की शानदार गेंदबाजी की तारीफ कर ट्वीट किया।दीपक धपोला की गेंदबाजी देख उनके गृह क्षेत्र बागेश्वर में भी लोग काफी खुश हैं। दीपक की इस सफलता के पीछे जिंदगी का कठोर संघर्ष भी छिपा हुआ है।दीपक जब अच्छे से पिताजी को पहचान ही रहे थे कि पिता स्व मोहन सिंह धपोला एक आतंकवादी मुठभेड़ में शहीद




हो गये।दीपक की माता नीमा धपोला ने काफी संघर्ष से उनका पालन पोषण किया और उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।दीपक घर के एकलौती संतान हैं।दीपक की शुरूआती पढ़ाई महर्षि विध ा मंदिर बागेश्वर से हुई।उन्होंने यहां से दसवी की पढ़ाई पूरी की।इस दौरान माँ पढ़ाई पर ध्यान देने को कहती,लेकिन दीपक का मन क्रिकेट में रमा था।स्कूल की छुट्टी हुई नहीं कि सुबह से शाम तक क्रिकेट ही क्रिकेट।माता नीमा को समझ आ गया कि बेटे का भविष्य क्रिकेट में ही है।बागेश्वर में तब क्रिकेट खेलने के लिये बहुत ज्यादा सुविधा नहीं थी,तब उन्होंने देहरादून में जाकर कोचिंग ली और यहीं से अपनी 12वी की पढ़ाई पूरी की।देहरादून में भी बहुत कुछ सीखने को नहीं था,दीपक ने दिल्ली जाकर विराट कोहली के कोच राजकुमार शर्मा से क्रिकेट के गुर सीखे और कामयाबी की ओर कदम बढ़ाये।दीपक ने यहां भी पढ़ाई जारी रखी और यहां बीबीए की पढ़ाई भी पूरी की।बता दें कि दीपक धपोला उत्तराखंड टीम की तरफ से रणजी में 50 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी हैं। बागेश्वर निवासी दीपक धपोला साल 2018-2019 सीजन में शानदार फॉर्म में रहे थे। इसके बाद उन्हें चोट लगी थी। जिसने दीपक को काफी समय तक मैदान से दूर रखा। गौरतलब है कि दीपक हिमाचल के खिलाफ अपना 15वां रणजी मैच खेल रहे हैं और अभी तक 69 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।दीपक की माता नीमा धपोला दीपक की कामयाबी का श्रेय दीपक की कड़ी मेहनत और बाबा बागनाथ के आशीर्वाद को देती हैं।दीपक के घर से चंद किमी की दूरी पर क्रिकेटर मनीष पांडेय और कमलेश नगरकोटी के पैतृक गांव और घर हैं और दोनों ही खिलाड़ी आज टीम इंडिया और आईपीएल में चमक रहे हैं।बागेश्वर वासियों को उम्मीद है कि जल्द ही बागेश्वर का यह दीपक पूरी दुनिया में जगमगाएगा।

# एमआरडब्ल्यूए की कार्यकारिणी अवैध घोषित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की पॉश कॉलोनी मेट्रोपोलिस सिटी में मेंटेनेंस देख रही मेट्रोपोलिस रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (एमआर डब्ल्यूए) के नवीनीकरण के आवेदन और पिछली कार्यवाहियों को अमान्य बताते हुए उपनिबंधक ने निरस्त कर दिया है। उपनिबंधक द्वारा एमआर डब्ल्यूए के विरुद्ध यह कार्यवाही एमआरडब्ल्यूए द्वारा आमसभाओं में सदस्यों की संख्या का कोरम पूरा नहीं किए जाने एवं अनियमितताएं बरते जाने के आधार पर की गई है। मालूम हो कि तकरीबन 2 वर्ष पूर्व बिल्डर से रखरखाव हस्तांतरित होने के बाद से एमआरडब्ल्यूए रखरखाव का कार्य देख रही है। मेट्रोपोलिस सिटी में लगभग 1600 परिवार रहते हैं, लेकिन एमआरडब्ल्यूए के पास केवल 98 सदस्य हैं, जबकि वह सभी 1500 परिवारों से मेंटनेंस वसूल रही है। बीते जून माह को एमआरडब्ल्यूए की पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद एमआरडब्ल्यूए द्वारा नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव कराए गए , लेकिन उससे पूर्व दो सदस्यों ए के शर्मा और के इस कार्की की सदस्यता बिना बताए समाप्त कर दी गई। उल्लेखनीय है कि डॉ ए के शर्मा एमआरडब्ल्यूए के फाउंडर मेंबर हैं। यही नहीं, चुनाव के लिए आमसभा की जो बैठकें आयोजित की गईं उनमें सदस्य संख्या का नियमानुसार निर्धारित कोरम पूरा नहीं था। इन अनियमितताओं की शिकायत ए के शर्मा, के एस कार्की एवं दूसरी एसोसिएशन मेट्रोपोलिस सिटी ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन (एमओडब्ल्यूए) के अध्यक्ष प्रवीण कोठारी द्वारा किए जाने पर उपनिबंधक ने एमआरडब्ल्यूए का जवाब तलब किया और उसके बाद एमआरडब्ल्यूए के नवीनीकरण के आवेदन और कार्यवाहियों को अमान्य ठहराते हुए निरस्त कर दिया। साथ ही निबंधक ने एमआरडब्ल्यूए को नियमावली के अनुरूप साधारण सभा की बैठक आयोजित कर चुनाव कराए जाने के लिए निर्देषित भी किया है। इधर, एमआरडब्ल्यूए द्वारा हिसाब किताब नहीं दिए जाए, यूपीसीएल के व्यक्तिगत कनेक्शन के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र दिए जाने के बावजूद उसका विरोध करने तथा बिल्डर के पास निवासियों की जमा करोड़ों रूपिए की इंटरेस्ट फ्री मेंटेनेंस सिक्योरिटी धनराशि बिल्डर के पास ही छोड़ देने आदि प्रकरणों को लेकर भी निवासियों के बीच असंतोष व्याप्त है।


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा Online से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कही ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)